1. **6 जुलाई, 1942 को वर्धा में महात्मा गांधीजी ने कांग्रेस की कार्यकारी समिति में अपने 'भारत छोड़ो आंदोलन' की चर्चा की, तब उस समिति के अध्यक्ष थे–**

(a) राजगोपालाचारी (b) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(c) पंडित जवाहरलाल नेहरू (d) एनी बेसेंट

**43rd B.P.S.C. (Pre) 1999**

**उत्तर–(b)**

| |
|---|
| वर्धा में जुलाई, 1942 में हुई कांग्रेस की समिति की बैठक में मौलाना अबुल कलाम आजाद, सरोजिनी नायडू, जवाहरलाल नेहरू, वल्लभभाई पटेल, डॉ.राजेंद्र प्रसाद, सीतारमैया, जी.बी. पंत, प्रफुल्ल चंद्र घोष, सैयद महमूद, आसफ अली, जे.बी. कृपलानी, महात्मा गांधी इत्यादि ने भाग लिया तथा 'भारत छोड़ो' नामक प्रस्ताव पास किया। इसकी अध्यक्षता तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष अबुल कलाम आजाद ने ही की थी। |

2. **14 जुलाई, 1942 को कांग्रेस कार्यसमिति द्वारा 'भारत छोड़ो आंदोलन' का प्रस्ताव कहां पारित किया गया?**

(a) बंबई (b) वर्धा
(c) लखनऊ (d) त्रिपुरा

**R.A.S./R.T.S. (Pre) 2010**
**M.P. P.C.S. (Pre) 1996**

**उत्तर–(b)**



Scanned with OKEN Scanner

14 जुलाई, 1942 को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक वर्धा में संपन्न हुई। यहीं पर कांग्रेस कार्यसमिति द्वारा 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' प्रस्ताव पारित किया गया।

**3. भारत छोड़ो आंदोलन के समय भारत का प्रधान सेनापति कौन था?**

(a) लॉर्ड वेवेल (b) लॉर्ड लिनलिथगो
(c) लॉर्ड माउंटबेटन (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**U.P.P.C.S. (Mains) 2013**

**उत्तर—(a)**

भारत छोड़ो आंदोलन (1942) के समय भारत का प्रधान सेनापति (Commander in Chief) लॉर्ड वेवेल था जो कि बाद में वर्ष 1943 से 1947 तक भारत का वायसराय और गवर्नर जनरल भी रहा।

**4. भारत छोड़ो आंदोलन कब प्रारंभ हुआ?**

(a) 9 अगस्त, 1942 (b) 10 अगस्त, 1942
(c) 15 अगस्त, 1942 (d) 16 अगस्त, 1942

**48th to 52nd B.P.S.C. (Pre) 2008**

**उत्तर—(a)**

7 अगस्त, 1942 को बंबई के ऐतिहासिक ग्वालिया टैंक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की वार्षिक बैठक हुई, जिसमें वर्धा प्रस्ताव (भारत छोड़ो) की पुष्टि हुई। थोड़े- 'बहुत संशोधनों के बाद 8 अगस्त, 1942 को प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया और भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के तहत अंग्रेजों के विरुद्ध 'भारत छोड़ो आंदोलन' प्रारंभ करने की घोषणा की गई। 9 अगस्त, 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ हुआ। आंदोलन आरंभ होते ही ऑपरेशन जीरो ऑवर के तहत गांधीजी तथा प्रमुख कांग्रेसी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। गांधीजी को गिरफ्तार कर सरोजिनी नायडू सहित पूना के आगा खां पैलेस में रखा गया। 1942 के आंदोलन का सर्वाधिक प्रभाव बंबई, बंगाल, बिहार, उड़ीसा, यू.पी. एवं मद्रास में था लेकिन समूचे देश की हिस्सेदारी इसमें अवश्य थी।

**5. भारतीय इतिहास में 8 अगस्त, 1942 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?**

(a) ए.आई.सी.सी. द्वारा भारत छोड़ो प्रस्ताव अंगीकार किया गया।
(b) वायसराय की एक्जेक्यूटिव काउंसिल का विस्तार अधिक संख्या में भारतीयों को सम्मिलित करने के लिए किया गया।
(c) सात प्रांतों में कांग्रेस मंत्रिमंडलों ने त्यागपत्र दिया।
(d) क्रिप्स ने प्रस्ताव रखा कि द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होते ही संपूर्ण डोमिनियन स्टेटस वाले भारतीय संघ की स्थापना की जाएगी।

**I.A.S. (Pre) 2021**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**6. 'भारत छोड़ो आंदोलन' का प्रस्ताव बंबई के किस मैदान में पारित किया गया?**

(a) मैरीन ड्राइव मैदान (b) काला घोड़ा मैदान
(c) बैम्बूर मैदान (d) ग्वालिया टैंक
(e) इनमें से कोई नहीं

**Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2015**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**7. वर्ष 1942 क्यों महत्वपूर्ण है?**

(a) नमक सत्याग्रह (b) असहयोग आंदोलन
(c) भारत छोड़ो आंदोलन (d) भारत की स्वतंत्रता

**M.P. P.C.S. (Spl.) (Pre) 2003**
**M.P. P.C.S. (Pre) 2004**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**8. भारत छोड़ो आंदोलन कहां से शुरू हुआ था?**

(a) साबरमती (b) कलकत्ता
(c) बंबई (d) मद्रास

**U.P. P.C.S. (Pre) 1990**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**9. 8 अगस्त, 1942 में कांग्रेस ने भारत छोड़ो आंदोलन कहां प्रारंभ किया था?**

(a) बंबई (b) मद्रास
(c) कलकत्ता (d) पूना

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2015**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**10. अंग्रेजों के विरुद्ध 'भारत छोड़ो आंदोलन' की घोषणा किस वर्ष की गई?**

(a) 1940 में (b) 1942 में
(c) 1946 में (d) 1936 में

**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2010**
**U.P. P.C.S. (Pre)1993**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**11. भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ किया गया था—**

(a) जुलाई, 1942 में (b) अगस्त, 1942 में



Scanned with OKEN Scanner

(c) सितंबर, 1942 में (d) अक्टूबर, 1942 में

**Uttarakhand P.C.S. (Mains) 2006**

उत्तर—(b)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**

**भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ करने के पूर्व दिन महात्मा गांधी ने-**

**1. सरकारी कर्मचारियों को त्यागपत्र देने को कहा।**

**2. सैनिकों को अपने पद छोड़ने को कहा।**

**3. राजसी रियासतों के राजाओं को अपनी जनता की प्रभुसत्ता स्वीकार करने को कहा।**

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**I.A.S. (Pre) 2005**

उत्तर—(c)

भारत छोड़ो आंदोलन 1942 प्रारंभ करने के पूर्व दिन महात्मा गांधी ने निम्नलिखित बयान दिए थे—

1. सरकारी कर्मचारी नौकरी न छोड़ें लेकिन कांग्रेस के प्रति अपनी निष्ठा की घोषणा कर दें,
2. सैनिक अपने देशवासियों पर गोली चलाने से इंकार कर दें,
3. छात्र तभी पढ़ाई छोड़ें जब आजादी प्राप्त हो जाने तक अपने इस निर्णय पर दृढ़ रह सकें,
4. राजा-महाराजा भारतीय जनता की प्रभुसत्ता स्वीकार करें और उनकी रियासतों में रहने वाली जनता अपने को भारतीय राष्ट्र का अंग घोषित कर दें तथा राजाओं का नेतृत्व तभी मंजूर करें जब वे अपना भविष्य जनता के साथ जोड़ लें।

इस प्रकार मात्र कथन 3 सत्य होने के कारण विकल्प (c) सही उत्तर है।

**13. यह कथन, "हम भारत को या तो आजाद करेंगे या आजादी के प्रयास में दिवंगत होंगे।" किससे जुड़ा है?**

(a) असहयोग आंदोलन (b) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(c) वैयक्तिक सत्याग्रह (d) भारत छोड़ो आंदोलन

**U.P. P.C.S. (Mains) 2009**

उत्तर—(d)

प्रश्नगत कथन भारत छोड़ो आंदोलन से संबद्ध है। 8 अगस्त, 1942 को 'भारत छोड़ो प्रस्ताव' कतिपय संशोधनों के बाद पास कर दिया गया। इसमें गांधीजी द्वारा दिया गया यह वक्तव्य विशेष महत्वपूर्ण है, कि "संपूर्ण आजादी से कम किसी भी चीज से मैं संतुष्ट होने वाला नहीं, हो सकता है नमक टैक्स, शराबखोरी आदि को खत्म करने का प्रस्ताव अंग्रेज सरकार दे किंतु मेरे शब्द होंगे आजादी से कम कुछ भी नहीं। मैं आपको एक मंत्र देता हूं—'करो या मरो'। इस मंत्र का आशय है या तो हम भारत को आजाद कराएंगे या आजादी के प्रयास में दिवंगत होंगे।"

**14. 'करो या मरो' का नारा किसने दिया?**

(a) तिलक (b) जवाहरलाल नेहरू

(c) भगत सिंह (d) महात्मा गांधी

**U.P. P.C.S. (Pre) 1991**

उत्तर—(d)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. 'करो या मरो' का संबंध किस आंदोलन से है?**

(a) डांडी (b) असहयोग

(c) खिलाफत (d) भारत छोड़ो

**53rd to 55th B.P.S.C. (Pre) 2011**

उत्तर—(d)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**16. 'करो या मरो' नारा निम्नलिखित आंदोलनों में से किसके साथ संबंधित है?**

(a) स्वदेशी आंदोलन (b) असहयोग आंदोलन

(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन (d) भारत छोड़ो आंदोलन

**I.A.S. (Pre) 2009**

**Chhattisgarh P.C.S (Pre) 2005**

उत्तर—(d)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**17. गांधीजी का 'करो या मरो' का आह्वान (नारा) था—**

(a) भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान

(b) सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान

(c) असहयोग आंदोलन के दौरान

(d) खिलाफत आंदोलन के दौरान

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2015**

उत्तर—(a)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**18. भारत छोड़ो आंदोलन किसकी प्रतिक्रिया में प्रारंभ किया गया?**

(a) कैबिनेट मिशन योजना (b) क्रिप्स प्रस्ताव

(c) साइमन कमीशन रिपोर्ट (d) वैवेल योजना

**I.A.S. (Pre) 2013**

उत्तर—(b)

क्रिप्स प्रस्ताव असफल होने के बाद कांग्रेस ने भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ किया।

**19. बलदेव सहाय ने महाधिवक्ता के पद से त्यागपत्र कब दिया?**

(a) 1942 में (b) 1943 में



Scanned with OKEN Scanner

(c) 1913 में (d) 1911 में

48th to 52nd B.P.S.C. (Pre) 2008

उत्तर–(a)

भारत छोड़ो आंदोलन के प्रारंभ होते ही ऑपरेशन जीरो ऑवर के तहत सरकार द्वारा प्रमुख भारतीय नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया व दमन चक्र प्रारंभ कर दिया गया। सरकार की इन्हीं अत्याचारी नीतियों के विरुद्ध बलदेव सहाय ने वर्ष 1942 में ही महाधिवक्ता पद से त्यागपत्र दे दिया।

**20. 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सी एक टिप्पणी सत्य नहीं है?**

(a) यह आंदोलन अहिंसक था।

(b) उसका नेतृत्व महात्मा गांधी ने किया था।

(c) यह आंदोलन स्वतः प्रवर्तित था।

(d) इसने सामान्य श्रमिक वर्ग को आकर्षित नहीं किया था।

I.A.S. (Pre) 2011

उत्तर–(*)

1942 का भारत छोड़ो आंदोलन निश्चयतः अहिंसक नहीं था। सरकारी आकलनों के अनुसार, इस आंदोलन के पहले हफ्ते में ही 250 रेलवे स्टेशन या तो नष्ट कर दिए गए या क्षतिग्रस्त हुए और 500 से ज्यादा डाकघरों तथा 150 थानों पर हमला हुआ। सत्ता पक्ष से तो दमन के लिए भारी हिंसा हुई ही थी। महात्मा गांधी ने स्वयं 1942 में जनता द्वारा की गई हिंसा की निंदा करने से इंकार कर दिया था। उनका कहना था कि यह सत्ता की बड़ी हिंसा का जवाब था। आंदोलन के पूर्व ही अधिकांश शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी के कारण यह आंदोलन एक प्रकार का स्वतः स्फूर्त आंदोलन बन गया। अतः विकल्प (a) एवं (b) दोनों सही हैं। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी उत्तर कुंजी में विकल्प (b) को सही प्रदर्शित किया गया है।

**21. भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व किया था–**

(a) बी.आर. अम्बेडकर ने (b) जवाहरलाल नेहरू ने

(c) महात्मा गांधी ने (d) वल्लभभाई पटेल ने

45th B.P.S.C. (Pre) 2001

उत्तर–(c)

भारत छोड़ो आंदोलन कांग्रेस द्वारा 9 अगस्त, 1942 में प्रारंभ किया गया था। तथापि आंदोलन के प्रारंभ के पूर्व ही गांधीजी एवं कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया और यह फिर देशभर में स्वतः स्फूर्त रूप में प्रसारित हुआ था। फिर भी इस आंदोलन को आरंभ करने की प्रेरणा गांधीजी ने दिया था और दिए गए विकल्पों में विकल्प (c) गांधी ही सही उत्तर होगा।

**22. "1942 के भारत छोड़ो आंदोलन" के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?**

(a) इसका नेतृत्व महात्मा गांधी द्वारा किया गया

(b) कांग्रेस को एक असंवैधानिक संस्था घोषित किया गया

(c) यह एक अहिंसक आंदोलन था

(d) यह एक स्वतः स्फूर्त आंदोलन था

U.P. R.O./ A.R.O. (Re-Exam) (Pre) 2016

उत्तर–(*)

8 अगस्त, 1942 की रात में ही अधिकांश नेताओं की गिरफ्तारी के कारण भारत छोड़ो आंदोलन एक स्वतः स्फूर्त आंदोलन बन गया। गांधीजी की गिरफ्तारी के कारण वे भी इसका नेतृत्व नहीं कर पाए थे। साथ ही इस आंदोलन में व्यापक हिंसा भी हुई थी। अतः यह आंदोलन अहिंसक नहीं था। आंदोलन की घोषणा के बाद ही कांग्रेस को एक गैर-कानूनी संस्था घोषित कर दिया गया था। अतः इस प्रश्न का सही उत्तर (a) और (c) दोनों हैं, जबकि उ.प्र. लोक सेवा आयोग ने अपने उत्तर-पत्रक में इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (b) माना है।

**23. निम्नलिखित में से किन पार्टियों ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' का समर्थन नहीं किया था?**

(a) हिंदू महासभा ने

(b) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने

(c) यूनियनिस्ट पार्टी ऑफ पंजाब ने

(d) उपर्युक्त सभी ने

U.P. Lower Sub. (Pre)2004

उत्तर–(d)

हिंदू महासभा, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, यूनियनिस्ट पार्टी ऑफ पंजाब एवं मुस्लिम लीग ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' का समर्थन नहीं किया था।

**24. निम्नलिखित में से किसने 1942 में 'भारत छोड़ो प्रस्ताव' का समर्थन किया था?**

(a) ए.के. आजाद (b) राजेंद्र प्रसाद

(c) सरदार वल्लभभाई पटेल (d) जवाहरलाल नेहरू

U.P. Lower Sub.(Pre) 2009

उत्तर–(c)

8 अगस्त, 1942 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में पं. जवाहरलाल नेहरू द्वारा 'भारत छोड़ो प्रस्ताव' पेश किया गया था, जिसका सरदार वल्लभभाई पटेल ने समर्थन किया था।

**25. 1942 में कांग्रेस के बंबई अधिवेशन में किसके द्वारा 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव प्रस्तावित किया गया था?**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) नरेंद्र देव



Scanned with OKEN Scanner

(c) राजेंद्र प्रसाद (d) जे.बी. कृपलानी

**U.P. P.C.S. (Pre) 2013**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**26. 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव का आलेख बनाया था–**

(a) जवाहरलाल नेहरू ने (b) महात्मा गांधी ने

(c) मौलाना अबुल कलाम आजाद ने (d) सरोजिनी नायडू ने

**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2002**

**उत्तर–(b)**

'भारत छोड़ो' प्रस्ताव का आलेख स्वयं महात्मा गांधी ने नेहरू और आजाद के सहयोग से बनाया था।

**27. 'भारत छोड़ो' का नारा किसने दिया था?**

(a) महात्मा गांधी (b) जवाहरलाल नेहरू

(c) यूसुफ मेहर अली (d) अरुणा आसफ अली

**M.P.P.C.S. (Pre) 2018**

**उत्तर–(c)**

भारत छोड़ो (Quit India) तथा करो या मरो (Do or Die) का नारा यूसुफ मेहर अली ने दिया था।

**28. जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 'भारत छोड़ो' आंदोलन प्रस्ताव पारित किया, कांग्रेस अध्यक्ष कौन था?**

(a) महात्मा गांधी (b) मौलाना अबुल कलाम आजाद

(c) सरदार पटेल (d) पं. जवाहरलाल नेहरू

**U.P. P.C.S. (Pre)1996**

**उत्तर–(b)**

कांग्रेस द्वारा 'भारत छोड़ो' आंदोलन का प्रस्ताव पारित करते समय कांग्रेस अध्यक्ष मौलाना अबुल कलाम आजाद थे। उल्लेखनीय है कि वे वर्ष 1940 के रामगढ़ अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष बने थे तथा वर्ष 1941-45 के मध्य पांच वर्षों तक कांग्रेस का कोई वार्षिक अधिवेशन न हो सका, इन 6 वर्षों में अबुल कलाम आजाद कांग्रेस के अध्यक्ष बने रहे। वे स्वतंत्रता-पूर्व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे लंबे समय तक और सबसे नाजुक दौर में अध्यक्ष रहे।

**29. निम्नलिखित में से कौन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लगातार छः वर्षों तक अध्यक्ष था?**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) दादाभाई नौरोजी

(c) अबुल कलाम आजाद (d) गोपाल कृष्ण गोखले

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2008**

**U.P. P.C.S. (Mains) 2012**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**30. 'भारत छोड़ो आंदोलन' फल था–**

**(1) क्रिप्स के प्रस्तावों से भारतीयों के नैराश्य का**

**(2) भारत पर जापानी आक्रमण की धमकी का**

**(3) गांधीजी के लेखनों में देशवासियों को हिंसक साधन अपनाने के लिए भड़काने का**

**(4) ए.आई.सी.सी. द्वारा अगस्त, 1942 में एक प्रस्ताव पारित करने का**

**नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए–**

**कूट :**

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 4

(c) 2, 3 और 4 (d) उपर्युक्त सभी

**Uttarakhand U.D.A/L.D.A. (Pre) 2003**

**उत्तर–(b)**

मार्च, 1942 में क्रिप्स मिशन की विफलता से यह स्पष्ट हो गया कि ब्रिटिश सरकार युद्ध में भारत की अनिच्छुक साझेदारी को तो बरकरार रखना चाहती थी, लेकिन किसी सम्मानजनक समझौते के लिए तैयार नहीं थी। 'करो या मरो' वाले अपने भाषण में गांधीजी ने साफ-साफ कहा था कि ''मैं रूस या चीन की हार का औजार नहीं बनना चाहता।'' लेकिन वर्ष 1942 के बसंत तक उन्हें लगने लगा था कि संघर्ष अपरिहार्य है। अत: कांग्रेस ने अगस्त, 1942 में भारत छोड़ो प्रस्ताव पास किया। गांधीजी ने अपने लेखनों में कहीं भी देशवासियों को हिंसक साधन अपनाने के लिए भड़काया नहीं था। इस प्रकार कथन (3) सही नहीं है, जबकि अन्य कथन भारत छोड़ो आंदोलन के संदर्भ में सही हैं।

**31. 'भारत छोड़ो' आंदोलन के समय निम्नांकित में से किसने 'कांग्रेस रेडियो' का प्रसारण किया?**

(a) अरुणा आसफ अली (b) जयप्रकाश नारायण

(c) उषा मेहता (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**U.P. P.C.S. (Pre) 1997**

**उत्तर–(c)**

भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बंबई के विभिन्न भागों से कांग्रेस का गुप्त रेडियो प्रसारित किया जाता था, जिसे मद्रास तक सुना जा सकता था। राम मनोहर लोहिया नियमित रूप से इस रेडियो पर प्रसारण करते थे। उषा मेहता कांग्रेस के भूमिगत रेडियो का संचालन करने वाले छोटे से दल की एक महत्वपूर्ण सदस्या थीं।

**32. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 'खुफिया रेडियो' किसने प्रारंभ किया?**

(a) उषा मेहता (b) सुभद्रा कुमारी चौहान

(c) सुचेता कृपलानी (d) एनी बेसेंट

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**67th B.P.S.C. (Pre) (Re. Exam), 2021**

**उत्तर–(a)**



Scanned with OKEN Scanner

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**33. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के संदर्भ में उषा मेहता की ख्याति—**

(a) भारत छोड़ो आंदोलन की बेला में गुप्त कांग्रेस रेडियो चलाने हेतु है।
(b) द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में सहभागिता हेतु है।
(c) आजाद हिंद फौज की एक टुकड़ी का नेतृत्व करने हेतु है।
(d) पंडित जवाहरलाल नेहरू की अंतरिम सरकार के गठन में सहायक भूमिका निभाने हेतु है।

**I.A.S. (Pre) 2011**
**Uttarakhand Lower Sub.(pre) 2010**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**34. निम्न में से कौन कांग्रेस रेडियो पर भारत छोड़ो आंदोलन की अवधि में नियमित रूप से कार्यक्रम प्रसारित करता था?**

(a) जयप्रकाश नारायण (b) सुभाष चंद्र बोस
(c) राम मनोहर लोहिया (d) सुचेता कृपलानी

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2008**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**35. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बकरी का टापू में अखिल भारतीय आजाद दस्ता का गठन किया था-**

(a) राम मनोहर लोहिया ने (b) उषा मेहता ने
(c) चितू पाण्डेय ने (d) जयप्रकाश नारायण ने
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th B.P.S.C. (Pre) (Re-Exam) 2020**

**उत्तर—(d)**

भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जयप्रकाश नारायण ने नेपाल की तराई के 'बकरी का टापू' में 'अखिल भारतीय आजाद दस्ता' का गठन किया था। आजाद दस्ता का गठन विशेष रूप से सरकार के विरुद्ध तोड़-फोड़ की कार्रवाइयों के लिए किया गया था, ताकि युद्ध कार्यों में सरकार को बाधा पहुंचे। मई, 1943 में ब्रिटिश सरकार के दबाव में नेपाल की सरकार ने जयप्रकाश नारायण को गिरफ्तार कर लिया। उनके साथ गिरफ्तार व्यक्तियों में राम मनोहर लोहिया, श्यामनंदन सिंह, वैद्यनाथ झा तथा कार्तिक प्रसाद सिंह भी थे।

**36. भारत छोड़ो आंदोलन के समय इंग्लैंड के प्रधानमंत्री थे—**

(a) चैम्बरलेन (b) चर्चिल
(c) क्लीमेंट एटली (d) मैक्डोनॉल्ड

**46th B.P.S.C. (Pre) 2005**

**उत्तर—(b)**

भारत छोड़ो आंदोलन के समय इंग्लैंड के प्रधानमंत्री चर्चिल थे। वे वर्ष 1940-45 तक इंग्लैंड के प्रधानमंत्री रहे।

**37. अमेरिकी पत्रकार, जो महात्मा गांधी के 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान उनके साथ था, का नाम था—**

(a) लुई फिशर (b) विलियम एल. शिरेर
(c) वेब मिलर (d) नेगली फार्सन

**U.P. P.C.S. (Pre) 2001**
**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2002**

**उत्तर—(a)**

महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान अमेरिकी पत्रकार लुई फिशर (महात्मा गांधी के जीवनीकार) उनके साथ थे। अमेरिकी बुद्धिजीवी पर्लबक, एडगरस्नो, एम.एल. सूर्मेन, नॉर्मन थॉमस के साथ लुई फिशर ने भारतीय स्वतंत्रता की मांग की थी।

**38. महात्मा गांधी का जीवनीकार लुई फिशर था—**

(a) एक अमेरिकी पत्रकार (b) एक ब्रिटिश पत्रकार
(c) एक फ्रांसीसी पत्रकार (d) एक जर्मन पत्रकार

**U.P.P.C.S. (Spl) (Mains) 2008**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**39. महात्मा गांधी के जीवनीकार लुई फिशर संबद्ध थे—**

(a) सविनय अवज्ञा आंदोलन से
(b) वैयक्तिक सत्याग्रह से
(c) असहयोग आंदोलन से
(d) भारत छोड़ो आंदोलन से

**U.P.P.C.S. (Mains) 2010**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**40. निम्नलिखित पत्रकारों में से कौन महात्मा गांधी का जीवनीकार है?**

(a) लुई फिशर (b) रिचर्ड ग्रेग
(c) वेब मिलर (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**U.P.P.C.S. (Mains) 2013**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**41. भारत छोड़ो आंदोलन से उत्पन्न दंगे किस क्षेत्र में सबसे अधिक व्यापक रहे?**

(i) बिहार (ii) बंगाल
(iii) गुजरात (iv) संयुक्त प्रांत



Scanned with OKEN Scanner

अपना उत्तर निम्नांकित कूटों से चुने—

(a) (i) एवं (ii) (b) केवल (i)

(c) (ii) एवं (iii) (d) (i) एवं (iv)

**41th B.P.S.C. (Pre) 1996**

**उत्तर—(d)**

भारत छोड़ो आंदोलन (1942) से उत्पन्न दंगे बिहार और यू.पी. (संयुक्त प्रांत) में सबसे अधिक व्यापक रहे। यहां विद्रोह जैसा माहौल बन गया। पूर्वी यू.पी. में आजमगढ़, बलिया और गोरखपुर तथा बिहार में गया, भागलपुर, सारण, पूर्णिया, शाहाबाद, मुजफ्फरपुर और चंपारण स्वत: स्फूर्त जन-विद्रोह के मुख्य केंद्र रहे।

**42. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

**कथन (A) : लॉर्ड लिनलिथगो ने 1942 के अगस्त आंदोलन को, सिपाही विद्रोह के बाद, सर्वाधिक गंभीर विद्रोह कहा था।**

**कारण (R) :कुछ क्षेत्रों में किसान व्यापक जनांदोलन में उठ खड़े हुए थे।**

**अब नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए—**

**कूट :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है, परंतु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, परंतु (R) सही है।

**I.A.S. (Pre) 1999**

**उत्तर—(a)**

1942 का 'अगस्त आंदोलन' किसानों के बीच काफी व्यापक हो गया था। किसानों के अंशकालिक जत्थे दिन में खेती करते और रात को तोड़-फोड़ की कार्यवाही में भाग लेते थे। उनकी उग्रता की प्रबलता इस कदर थी कि वह कई अर्थों में 1857 की क्रांति का स्मरण कराती थी। इसीलिए तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री चर्चिल को भेजे गए एक तार में तत्कालीन वायसराय लिनलिथगो द्वारा इस आंदोलन को '1857 के बाद का सबसे गंभीर विद्रोह' कहना पड़ा। अत: (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**43. डॉ. राजेंद्र प्रसाद को 9 अगस्त, 1942 को गिरफ्तार करके भेजा गया—**

(a) कैम्प जेल (b) हजारीबाग जेल

(c) भागलपुर जेल (d) बांकीपुर जेल

**43rd B.P.S.C. (Pre) 1999**

**48th to 52nd B.P.S.C. (Pre) 2008**

**उत्तर—(d)**

9 अगस्त, 1942 को गांधी तथा अन्य सभी प्रमुख कांग्रेसी नेताओं को बंदी बना लिया गया। गांधीजी और सरोजिनी नायडू को पूना के आगा खां के महल में नजरबंद रखा गया और कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों (नेहरू, अबुल कलाम आजाद, गोविंद बल्लभ पंत, डॉ. प्रफुल्ल चंद्र घोष, डॉ. पट्टाभि सीतारमैया, डॉ. सैयद महमूद, आचार्य कृपलानी) को अहमदनगर किले में रखा गया। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य राजेंद्र प्रसाद बंबई नहीं आए थे, अत: उन्हें पटना में ही गिरफ्तार कर पटना (बांकीपुर) जेल में नजरबंद रखा गया।

**44. 7 दिसंबर, 1942 को श्री योगेंद्र शुक्ल कहां लाए गए?**

(a) रांची (b) मुंगेर

(c) पटना (d) भागलपुर

**45th B.P.S.C. (Pre) 2001**

**उत्तर—(c)**

योगेंद्र शुक्ल प्रमुख समाजवादी स्वतंत्रता सेनानी थे, जो जयप्रकाश नारायण के घनिष्ठ सहयोगी थे। जयप्रकाश नारायण के हजारीबाग जेल से फरार होने की घटना में ये भी उनके साथी थे। यद्यपि शीघ्र ही इन्हें मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार कर लिया गया व 7 दिसंबर, 1942 को पटना लाया गया।

**45. श्री जगत नारायण लाल की पत्नी कौन थीं?**

(a) श्रीमती रामप्यारी (b) श्रीमती सुंदरी देवी

(c) श्रीमती भगवती देवी (d) श्रीमती मंगला देवी

**37th B.P.S.C. (Pre) 1991**

**उत्तर—(a)**

श्री जगत नारायण लाल बिहार के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। उनकी पत्नी श्रीमती रामप्यारी देवी थीं, जो कि स्वयं भी भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जेल गईं। स्वतंत्रता पश्चात वे बिहार विधान परिषद की 'सदस्य' भी बनीं।

**46. भारत छोड़ो आंदोलन के संदर्भ में महात्मा गांधी को कहां बंदी बनाया गया?**

(a) बंबई में (b) मद्रास में

(c) कलकत्ता में (d) नई दिल्ली में

**U.P. P.C.S. (Mains) 2012**

**उत्तर—(a)**

भारत छोड़ो आंदोलन का प्रस्ताव पारित होने के बाद 9 अगस्त, 1942 को बंबई में गांधीजी एवं अन्य सभी प्रमुख कांग्रेसी नेताओं को बंदी बना लिया गया था। गांधीजी को पूना के आगा खां महल में नजरबंद रखा गया था।



Scanned with OKEN Scanner

47. भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित होने के बाद गांधीजी को कैद किया गया था–

(a) यरवदा मंदिर में (b) नैनी जेल में
(c) अहमदनगर के किले में (d) आगा खां पैलेस में

**41th B.P.S.C. (Pre) 1996**

उत्तर–(d)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

48. महात्मा गांधी तथा उनके सहयोगियों की 1942 में हुई धरपकड़ से बिहार में बहुत दंगे हुए। इसमें रेल सेवा पूर्ण रूप से ठप हो गई। उसमें अधिकतम प्रभावित जिला था–

(a) मुंगेर (b) गया
(c) पटना (d) शाहाबाद

**43th B.P.S.C. (Pre) 1999**

उत्तर–(a)

1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी सहित सभी शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। आंदोलन को कुचलने के लिए पुलिस ने दमन चक्र चलाया। पुलिस के इस दमन से क्रुद्ध होकर जनता ने कई स्थानों पर हिंसक कार्यवाही की। उसने पुलिस थानों, रेलवे स्टेशनों तथा डाकघरों पर हमले किए। कई स्थानों पर रेल लाइनें उखाड़ दी गईं, जिससे रेल सेवा पूरी तरह ठप हो गई। जनाक्रोश के इस तूफान के बड़े-बड़े केंद्र थे-बंगाल का मेदिनीपुर जिला, उत्तर प्रदेश का बलिया जिला तथा बिहार का मुंगेर जिला। रेल पटरी उखाड़ने की सबसे ज्यादा घटनाएं बिहार में हुई थीं। इससे सर्वाधिक प्रभावित मुंगेर जिले का प्रायः दो सप्ताह तक बाहरी दुनिया से संपर्क कटा रहा था।

49. जयप्रकाश नारायण को राष्ट्रीय स्तर के नेता की पहचान किस संदर्भ में मिली?

(a) भारत छोड़ो आंदोलन
(b) कांग्रेस समाजवादी दल की स्थापना
(c) भूदान आंदोलन
(d) उनको कांग्रेस कार्यकारिणी समिति का सदस्य बनाया जाना

**41st B.P.S.C. (Pre) 1996**

उत्तर–(a)

जयप्रकाश नारायण को राष्ट्रीय स्तर के नेता की पहचान भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मिली। वस्तुतः आंदोलन की शुरुआत (9 अगस्त, 1942) के दिन ही सभी प्रमुख कांग्रेसी नेता गिरफ्तार कर लिए गए, जो कांग्रेसी नेता गिरफ्तार न हो सके थे, उन्होंने गुप्त रूप से असंगठित जनता का नेतृत्व किया। इसमें जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया तथा अरुणा आसफ अली के नाम प्रमुख हैं।

50. 1942 ई. में, किस त्योहार के अवसर पर जयप्रकाश नारायण हजारीबाग जेल से निकल भागे?

(a) बैसाखी (b) होली
(c) दशहरा (d) दीपावली
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**67th B.P.S.C. (Pre) (Re. Exam), 2021**

उत्तर–(d)

भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जयप्रकाश नारायण 9 नवंबर, 1942 को दीपावली के दिन हजारीबाग जेल से अपने साथियों के साथ फरार हो गए थे।

51. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान इनमें से कौन हजारीबाग जेल से फरार हुए?

(a) सच्चिदानंद सिन्हा (b) जयप्रकाश नारायण
(c) जगजीवन राम (d) रफ़ी अहमद किदवई
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**67th B.P.S.C. (Pre) 2021**

उत्तर–(b)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

52. निम्नलिखित नेताओं में से किसने 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान जेल से फरार होकर भूमिगत गतिविधियों को संगठित किया था?

(a) जे.बी. कृपलानी ने (b) राम मनोहर लोहिया ने
(c) अच्युत पटवर्धन ने (d) जयप्रकाश नारायण ने

**U.P.P.C.S. (Pre) 2011**

उत्तर–(d)

भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जयप्रकाश नारायण ने हजारीबाग के सेंट्रल जेल से फरार होकर भूमिगत गतिविधियों को संगठित किया था।

53. गंगाराम तथा खीमदेव नामक दो भाई किस आंदोलन के दौरान शहीद हुए थे?

(a) नमक सत्याग्रह आंदोलन (b) डोला-पालकी आंदोलन
(c) कुली-बेगार आंदोलन (d) भारत छोड़ो आंदोलन

**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2021**

उत्तर–(d)

गंगाराम और खीमदेव नामक भाई अल्मोड़ा में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 1942 में पुलिस गोलीबारी में शहीद हुए थे। नोट-डिक्शनरी ऑफ मार्टर्स वॉल्यूम-2 भाग एक में इनका नाम गंगादत्त और खीमानंद दिया गया है।



Scanned with OKEN Scanner

**54.** **कथन (A) : भारत छोड़ो आंदोलन से लोगों को जाग्रत करने और साहस दिलाने में सफलता मिली।**

**कारण (R) : 'करो या मरो' का नारा लोगों के मन में प्रवेश कर गया।**

**उपर्युक्त के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

**कूट :**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सही है, किंतु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, किंतु (R) सही है।

**Uttarakhand U.D.A/L.D.A. (Pre) 2003**

**उत्तर—(a)**

कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है। भारत छोड़ो आंदोलन (1942) के दौरान बंबई में कांग्रेस सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधीजी ने जो भाषण दिया था उसके बारे में पट्टाभि सीतारमैया ने लिखा है कि ''वास्तव में गांधीजी उस दिन अवतार एवं पैगम्बर की प्रेरक शक्ति से प्रेरित होकर भाषण दे रहे थे।'' भारत छोड़ो आंदोलन अपने पूर्ववर्ती सभी आंदोलनों-असहयोग, सविनय अवज्ञा तथा व्यक्तिगत सत्याग्रह की तुलना में अधिक स्वत: स्फूर्त था।

**55.** **नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं जिनमें एक कथन (A) और दूसरा कारण (R) है, दोनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें—**

**कथन (A) : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन से पृथक रहा।**

**कारण (R) : इसका विचार था कि इस आंदोलन से भारत की स्वतंत्रता में देर होगी।**

**उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन सही है—**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की सही व्याख्या (R) करता है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (A) की सही व्याख्या (R) नहीं करता है।

(c) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।

(d) (A) असत्य है परंतु (R) सत्य है।

**40th B.P.S.C. (Pre) 1995**

**उत्तर—(c)**

कथन (A) सत्य है, किंतु कारण (R) असत्य है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन से पृथक रहा। वर्ष 1940 से लेकर विदेशी सत्ता के 1947 में समाप्त होने तक के किसी भी राष्ट्रीय आंदोलन में संघ की कोई भूमिका नहीं थी।

**56.** **नीचे दिए गए कथनों पर विचार करें एवं सही उत्तर नीचे के कूट से चयन करें—**

**कथन (A) : भारत छोड़ो आंदोलन के परिणामस्वरूप अंग्रेज और मुसलमान कांग्रेस के प्रति समान घृणा के कारण एक-दूसरे के नजदीक आ गए।**

**कारण (R) : जिन्ना ने ब्रिटिश सरकार के पक्के सहयोगी की तरह कार्य किया और मुसलमानों को 1942 के कांग्रेस आंदोलन से दूर रहने के लिए कहा।**

**कूट :**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सही है, परंतु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, परंतु (R) सही है।

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2003**

**उत्तर—(a)**

कथन (A) एवं कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), कथन (A) का सही स्पष्टीकरण है। मुस्लिम लीग ने जिन्ना के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन की निंदा की। जिन्ना ने कहा कि यदि अंग्रेज भारत छोड़ दें, तो भारत में जंगलराज लागू हो जाएगा। फलत: मुसलमान अंग्रेजों के नजदीक आ गए।

**57.** **स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, अरुणा आसफ अली किस भूमिगत क्रिया-कलाप की प्रमुख महिला संगठक थीं?**

(a) सविनय अवज्ञा आंदोलन (b) असहयोग आंदोलन

(c) भारत छोड़ो आंदोलन (d) स्वदेशी आंदोलन

**U.P. P.C.S. (Pre) 2009**

**उत्तर—(c)**

अरुणा आसफ अली प्रसिद्ध भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थीं। उन्हें 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मुंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में कांग्रेस का झंडा फहराने के लिए याद किया जाता है। अरुणा आसफ अली, उषा मेहता, जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया आदि ने कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं की गिरफ्तारी के बाद भूमिगत रहकर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व किया था।

**58.** **निम्नलिखित में से किस आंदोलन के साथ अरुणा आसफ अली जुड़ी हैं?**

(a) असहयोग आंदोलन (b) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(c) वैयक्तिक सत्याग्रह (d) भारत छोड़ो आंदोलन

**U.P. P.C.S. (Pre) 2013**

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Spl) (Pre) 2010**

**उत्तर—(d)**



Scanned with OKEN Scanner

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**59. निम्नलिखित में से किस एक आंदोलन के साथ अरुणा आसफ अली जुड़ी थी?**

(a) खिलाफत आंदोलन

(b) असहयोग आंदोलन

(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(d) भारत छोड़ो आंदोलन

**U.P.P.C.S. (Pre) 2010**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**60. नीचे कुछ स्थानों की सूची दी गई है। उनका नामोल्लेख कीजिए, जहां 'भारत छोड़ो आंदोलन' में समांतर सरकारों की स्थापना की गई थी।**

**सूची के नीचे दिए गए कूट से अपना उत्तर चुनिए–**

**1. बलिया** **2. सतारा**

**3. हजारीबाग** **4. मेरठ**

**कूट :**

(a) 1 तथा 2 (b) 1, 2 तथा 3

(c) 2, 3 तथा 4 (d) 1, 3 तथा 4

**U.P. P.C.S. (Mains) 2002**

**उत्तर–(a)**

भारत छोड़ो आंदोलन की एक महत्वपूर्ण विशेषता थी– देश के कई स्थानों पर समानांतर सरकार की स्थापना। 1942 के दौरान देश में तीन प्रमुख स्थानों (I) बलिया - अगस्त, 1942 चित्तू पांडेय के नेतृत्व में (II) तामलुक (मिदनापुर) बंगाल-दिसंबर, 1942 से अगस्त, 1944 तक; यहां की जातीय सरकार ने तूफान पीड़ितों की सहायता के लिए कार्यक्रम प्रारंभ किया और (III) सतारा (महाराष्ट्र) अगस्त, 1943 से मई 1946 तक; यह सबसे लंबे समय तक चलने वाली सरकार थी यहां पर प्रति सरकार के नाम से समानांतर सरकार स्थापित की गई; इसके प्रमुख नेता वाई. वी. चह्वाण एवं नाना पाटिल थे। इसके अतिरिक्त उड़ीसा के तलचर में भी कुछ समय तक समानांतर सरकार रही थी।

**61. निम्नलिखित में से किस वर्ष बंगाल के मिदनापुर जिले में जातीय सरकार की स्थापना हुई थी?**

(a) 1939 (b) 1940

(c) 1941 (d) 1942

**U.P. P.C.S. (Pre) 2017**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**62. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित जिलों में से किसमें समानांतर सरकार की स्थापना की गई थी?**

(a) इलाहाबाद (b) लखनऊ

(c) बलिया (d) फैजाबाद

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2013**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**63. निम्नलिखित में से उत्तर प्रदेश के किस एक जनपद में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान समानांतर सरकार की स्थापना की गई थी?**

(a) जौनपुर में (b) आजमगढ़ में

(c) बलिया में (d) गाजीपुर में

**U.P.P.C.S. (Mains) 2013**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**64. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान कनकलता बरुआ नामक एक कन्या ने जनता का एक जुलूस निकाला और पुलिस की परवाह न करते हुए थाने में घुसने के प्रयास में गोली खाई। यह घटना किस स्थान की है?**

(a) सोनितपुर (b) मिदनापुर

(c) कोरापुर (d) गोहपुर

**R.A.S./R.T.S. (Pre) 2021**

**उत्तर–(d)**

कनकलता बरुआ का जन्म वर्ष 1924 में असम में हुआ था। वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान गोहपुर पुलिस थाने पर तिरंगा फहराने के दौरान पुलिस गोलीबारी में शहीद हो गई थीं।

**65. कथन (A) : 'भारत छोड़ो आंदोलन' भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की पराकाष्ठा थी।**

**कारण (R) : 'भारत छोड़ो आंदोलन' के पश्चात शक्ति हस्तांतरण की प्रक्रिया की खोज समय का तकाजा थी।**

**नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए–**

**कूट :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) तथा R दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है, परंतु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, परंतु (R) सही है।

**U.P. P.C.S (Pre) 2005**

**उत्तर–(a)**



Scanned with OKEN Scanner

निःसंदेह भारत छोड़ो आंदोलन को सरकार ने बर्बरतापूर्वक कुचला फिर भी 1947 में स्वाधीनता का जो स्वर्ण विहान हुआ, उसमें इस आंदोलन का ही सबसे बड़ा योगदान था। अगस्त, 1942 में दी गई भारत छोड़ो की ललकार ने ठीक पांच वर्ष बाद अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

**66. भारत छोड़ो आंदोलन के उपरांत, सी. राजगोपालाचारी ने ''दी वे आउट'' नामक पैम्फलेट जारी किया। निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रस्ताव इस पैम्फलेट में था?**

(a) ब्रिटिश भारत तथा भारतीय राज्यों के प्रतिनिधियों को मिलाकर एक ''युद्ध सलाहकार परिषद'' की स्थापना।

(b) केंद्रीय कार्यकारी परिषद का इस प्रकार पुनर्गठन कि गवर्नर जनरल तथा कमांडर-इन-चीफ के अतिरिक्त अन्य सभी सदस्य भारतीय नेता हों।

(c) केंद्रीय तथा प्रांतीय विधानमंडलों के 1945 के अंत में नए चुनाव कराए जाएं तथा संविधान का निर्माण करने वाले निकाय को यथासंभव शीघ्र आयोजित किया जाए।

(d) संवैधानिक गतिरोध का हल।

**I.A.S. (Pre) 2010**

**उत्तर–(d)**

अखिल भारतीय मुस्लिम लीग तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बीच संवैधानिक गतिरोध को दूर करने के लिए सी. राजगोपालाचारी ने वर्ष 1944 में 'दी वे आउट' नामक अपना प्रपत्र जारी किया था, जिसका कांग्रेस की ओर से विरोध किया गया। गांधीजी ने जिन्ना से अपनी बातचीत में इस प्रस्ताव की चर्चा की थी, जिसे जिन्ना ने अस्वीकार कर दिया था।

**67. 'ऑपरेशन रुबिकॉन' वह कूट शब्द था, जिसे भारत में ब्रिटिश सरकार द्वारा निम्नलिखित में से किस संदर्भ में प्रयोग में लाया जाना था?**

(a) जेल में गांधी का आमरण अनशन

(b) जयप्रकाश नारायण की गतिविधियां

(c) गोलमेज सम्मेलन में गांधी की सहभागिता

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**R.O./A.R. O. (Pre.) 2017**

**उत्तर–(a)**

आगा खां पैलेस में कैद के समय महात्मा गांधी के स्वास्थ्य में आमरण अनशन के कारण तेजी से गिरावट आ रही थी। चिकित्सकों के परामर्श पर भारत में ब्रिटिश सरकार द्वारा विचार किया गया कि अगर गांधीजी मर जाते हैं, तो बंबई सरकार, प्रांतीय सरकारों के पास 'रुबिकॉन' कूट शब्द भेज देगी।



Scanned with OKEN Scanner